वर्ष: 9 - अंक : 146, मुंबई, सोमवार, 12 अगस्त, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस.खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर






ईद-उल-अजहा मुबारक

दिलशाद एस. खान (संपादक : दैनिक मुंबई हलचल)

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर

काजू कतरी, काजु रोल
बदाम बर्फी, बदाम रोल
केसर पेडे, पिस्ता लॉज
मिलेगा.

MM MITHAIWALA
Malad (W) Tel. : 288 99 501
ONLINE SHOP :
www.mmmithaiwala.com




## सूचना

ईद-उल-अजहा के शुभ अवसर पर 12 अगस्त 2019 को हमारा कार्यालय बंद रहेगा। इस कारण मुंबई हलचल का अगला संस्करण 14 अगस्त 2019 को प्रकाशित होगा। आप सभी को ईद-उल-अजहा की बहुत-बहुत मुबारकबाद

-संपादक

# जबरदस्त बाढ़ से मचा हाहाकार

## 9 राज्यों में अब तक 212 लोगों की मौत


**मुंबई।** केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश समेत देश भर के कई राज्यों में बाढ़ से तबाही मची हुई है। बाढ़ के चलते अब तक नौ राज्यों में 212 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मौसम विभाग ने केरल में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका जताई है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**



महाराष्ट्र में बाढ़ प्रभावित लोगों को पहुंचाई गई राहत सामग्री

# ईद पर सरकार का आज बड़ा इम्तिहान

## घर-घर पहुंचा रहे जरूरी सामान



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद कल बकरीद के मौके पर सरकार का पहला बड़ा इम्तिहान है। हालांकि सरकार इसमें पास होने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। पूरे कश्मीर में शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## आतंकवादी सरकारी वाहनों, वर्दी का कर सकते हैं इस्तेमाल


**नई दिल्ली।** देश में स्वतंत्रता दिवस के जश्न की तैयारियां चल रही हैं। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ध्वजारोहण के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। ऐसे में आतंकवादी भी हमले को अंजाम देने की फिराक में हैं। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

# 15 अगस्त को लाल किले को निशाना बना सकते हैं आतंकी

## अलर्ट जारी



**रोहिंग्या, रिफ्यूजी कॉलोनियों पर विशेष नजर:** दिल्ली की रिफ्यूजी कालोनियों और दिल्ली में रह रहे रोहिंग्या पर विशेष नजर रखने को कहा है। एजेंसियों ने राजधानी दिल्ली के 17 स्थलों को संवेदनशील बताया है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने सभी राज्यों के पुलिस प्रमुखों को खत लिखकर सुरक्षा कड़ी करने को कहा है।



आतंकवादियों के निशाने पर दिल्ली और बंगलुरू के कई वीवीआईपी भी हैं

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### बच्चियों से दुष्कर्मः स्कूल वैन चालक को 10 साल की सजा

**मुंबई।** ठाणे की विशेष अदालत ने दो बच्चियों से दुष्कर्म के मामले में दोषी स्कूल वैन चालक को 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वह इन बच्चियों को स्कूल पहुंचाने और वहां से वापस लाने का काम करता था। विशेष पॉक्सो (यौन अपराधों से बाल संरक्षण) कानून अदालत के न्यायाधीश एसपी गोंढालेकर ने तुलसीराम मानेरे को शुक्रवार को दोषी ठहराया और यह सजा सुनाई। अदालत ने मानेरे पर 28 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। लोक अभियोजक के मुताबिक, दोषी ने जून से दिसंबर 2016 के बीच दोनों बच्चियों से कई बार दुष्कर्म किया। घटना के वक्त इन बच्चियों की उम्र करीब आठ साल थी। लोक अभियोजक उज्वला मोहोल्कर ने बताया कि 35 वर्षीय मानेरे स्कूली बच्चों का एक वाहन चलाया करता था। उन्होंने कहा, 'शनिवार को इन दोनों बच्चियों का स्कूल का समय अलग हुआ करता था। वह इसका फायदा उठा कर बच्चियों को सुनसान जगह पर ले जाया करता था और उनसे दुष्कर्म करता था। जून और दिसंबर 2016 के बीच उसने कई बार बच्चियों से दुष्कर्म किया। मानेरे बच्चियों को धमकी देता था कि कि यदि उन्होंने इस बारे में किसी को बताया तो गंभीर अंजाम भुगतने होंगे।' घटना के बारे में पता चलने पर शिक्षक पीड़ितों को निजामपुरा थाने ले गए और मानेरे के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई। फिर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

### गर्भवती बेटी के हत्यारे के मृत्युदंड को उच्च न्यायालय ने रखा बरकरार

बंबई उच्च न्यायालय ने झूठी शान की खातिर हत्या के एक मामले में नासिक की एक अदालत द्वारा 38 वर्षीय एक व्यक्ति को दोषी ठहराए जाने और मृत्युदंड के दिए गए फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति बी पी धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति स्वप्ना जोशी की पीठ ने दूसरी जाति के लड़के से शादी करने पर 2013 में 18 साल की गर्भवती बेटी की हत्या करने के मामले में एकनाथ कुंभारकर को दोषी ठहराते हुए उसे सुनाए गए मृत्युदंड को बरकरार रखा। नासिक की सत्र अदालत ने कुंभारकर को दोषी ठहराया था और जून 2017 में उसे मौत की सजा सुनायी थी। इसके बाद मृत्युदंड की पुष्टि के लिए महाराष्ट्र सरकार ने उच्च न्यायालय का रुख किया। पीठ ने मंगलवार को अपने फैसले में कहा कि रिकॉर्ड पर रखे गए मेडिकल और फॉरेंसिक सबूत समेत कई साक्ष्य हैं जिससे साबित होता है कि कुंभारकर ने अपनी बेटी की हत्या की क्योंकि दूसरी जाति के लड़के से शादी करने से वह नाराज था।

## स्कूल वैन चालक को 10 साल की सजा

ठाणे की विशेष अदालत ने दो बच्चियों से दुष्कर्म के मामले में दोषी स्कूल वैन चालक को 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वह इन बच्चियों को स्कूल पहुंचाने और वहां से वापस लाने का काम करता था। विशेष पॉक्सो (यौन अपराधों से बाल संरक्षण) कानून अदालत के न्यायाधीश एसपी गोंढालेकर ने तुलसीराम मानेरे को शुक्रवार को दोषी ठहराया और यह सजा सुनाई। अदालत ने मानेरे पर 28 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। लोक अभियोजक के मुताबिक, दोषी ने जून से दिसंबर 2016 के बीच दोनों बच्चियों से कई बार दुष्कर्म किया। घटना के वक्त इन बच्चियों की उम्र करीब आठ साल थी। लोक अभियोजक उज्वला मोहोल्कर ने बताया कि 35 वर्षीय मानेरे स्कूली बच्चों का एक वाहन चलाया करता था। उन्होंने कहा, 'शनिवार को इन दोनों बच्चियों का स्कूल का समय अलग हुआ करता था। वह इसका फायदा उठा कर बच्चियों को सुनसान जगह पर ले जाया करता था और उनसे दुष्कर्म करता था।

# महाराष्ट्र बाढ़ : राज ठाकरे ने विधानसभा चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बाढ़ के कहर को देखते हुए एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे ने विधानसभा चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा है। राज ठाकरे की इस मांग पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह निर्णय लेना चुनाव आयोग का काम है। बता दें कि राज्य के सांगली और कोल्हापुर जिले बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। सरकारी मशीनरी बाढ़ पीड़ितों की मदद में लगी हुई है। महाराष्ट्र के तीन जिले कोल्हापुर, सांगली और सातारा के ज्यादातर क्षेत्रों में बाढ़ का पानी भर गया है। नासिक जिले की हालत भी अच्छी नहीं है। राज्य



में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से अब तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है। दूसरी ओर, अक्टूबर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी चुनाव आयोग ने शुरू कर दी है। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में चुनाव होने वाले हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा का अंतिम दिन 9 नवंबर है, जबकि 90 सदस्यों वाली हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर को पूरा हो रहा है। माना जा रहा है कि 25 अक्टूबर से पहले इन राज्यों में चुनाव प्रक्रिया पूरी करना है। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में बीजेपी की सरकार है।

### महाराष्ट्र बाढ़ः साईं बाबा ट्रस्ट ने 10 करोड़ रुपये मदद की घोषणा की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ ने जमकर कहर मचाया। इस कुदरती आपदा में करीब 30 लोगों की मौत हो चुकी है। 2.03 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राज्य में आई बाढ़ को लेकर सामाजिक और धार्मिक संस्थान आगे आ रही हैं। बाढ़ पीड़ितों की मदद को लेकर खाद्य सामग्री, कपड़े, दवाइयां और आर्थिक मदद जुटाई जा रही



हैं। ऐसे में शिरडी के श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट (एसएसटी) ने महाराष्ट्र के विभिन्न भागों में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राहत के तौर पर 10 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आह्वान किया है। बता दें कि पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली और कोल्हापुर जिले एवं सतारा के कई हिस्से पिछले पांच दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण नदियां उफान पर आ गईं हैं और ये क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। पुणे और सोलापुर जिले के कई हिस्से भी प्रभावित हुए हैं। इस क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फंसे हजारों लोगों को एनडीआरएफ, सेना, पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। एसएसटी के अध्यक्ष सुरेश हवारे ने शनिवार को कहा, 'एसएसटी ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दस करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है।' कुर्ला के मनराज प्रतिष्ठान ने भी बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का संकल्प लेकर दिनभर राहत सामग्री जुटाई। प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मनोज नाथानी ने कहा कि वे बाढ़ पीड़ितों के मुश्किल क्षणों में साथ हैं। उनके लिए हरसंभव मदद जुटाने के लिए मुंबईकरों से मदद ले रहे हैं। सभी राहत सामग्री जल्द ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में भेजी जाएगी।

# टीवी ऐक्ट्रेस ने बेटी की हत्या कर खुद लगा ली फांसी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक महिला ने पहले अपनी बेटी की हत्या की और फिर खुदकुशी कर ली। कलवा पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने ऐसा क्यों किया, इसका अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घर से एक सूइसाइड नोट जब्त किया है। इसमें महिला ने बेटी की हत्या कर आत्महत्या करने और किसी को इसके लिए जिम्मेदार न ठहराने की बात लिखी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



प्रज्ञा पारकर (40) अपने पति प्रशांत पारकर तथा बेटी श्रुति (18) के साथ मनीषा नगर की गौरी सुमन इमारत में रहती थी। प्रज्ञा छोटे-मोटे मराठी टीवी सीरियलों में काम करती थी। प्रशांत पारकर निजी एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कंपनी में कार्यरत हैं। श्रुति बारहवीं में पढ़ती थी। रोज की तरह शुक्रवार की सुबह 7.30 बजे प्रशांत पारकर जिम गए थे। वे 9.30 बजे जब वापस घर लौटे तो काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला। चाबी बनाने वाले को बुलाकर दरवाजा खोला गया तो भीतर पत्नी और बेटी का शव पड़ा था। प्रशांत पड़ोसियों की मदद से पत्नी और बेटी को करीब स्थित निजी अस्पताल में ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस के अनुसार, प्रज्ञा ने पहले बेटी की गला दबाकर हत्या की और फिर खुद फांसी के फंदे पर चढ़ गई। सूत्रों के अनुसार, प्रज्ञा को इन दिनों सीरियलों में काम नहीं मिल रहा था। इसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। प्रशांत की भी नौकरी छूट गई थी। इसको लेकर परिवार में तनाव चल रहा था।

प्रज्ञा पारकर मराठी टीवी सीरयल और नाटक में काम करने के साथ मॉडलिंग भी करती थी। प्रज्ञा ने 13 सितंबर को रिलीज होने वाली हिंदी फिल्म सेक्शन 375- ऑफिशल टीजर में अभिनेता अक्षय खन्ना और अभिनेत्री ऋचा चड्ढा के साथ काम किया था। गुरुवार की दोपहर प्रज्ञा ने अपने फेसबुक पर फिल्म के पोस्टर को पोस्ट कर पैनोरमा प्रॉडक्शन के उस फिल्म में खुद के अभिनय किए जाने की जानकारी दी थी। 19 जून को प्रज्ञा की बेटी श्रुती का जन्मदिन था।

## महाराष्ट्र : लापता व्यक्ति की लाश मिली

मुंबई के रहने वाले 47 वर्षीय व्यक्ति का शव सतारा में बरामद किया गया है। यह व्यक्ति जून से लापता चल रहा था। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि रेड सैंड बोआ सांप की अवैध बिक्री के दौरान उसने एक व्यक्ति से कथित रूप से धोखाधड़ी की थी, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी थी। पुलिस के अधिकारी ने व्यक्ति की पहचान उपनगर घाटकोपर में अशोकनगर के रहने वाले उदयभान पाल के तौर पर की है। पाल 17 जून को घर से यह कहकर निकला था कि वह किसी काम से बाहर जा रहा है लेकिन वापस नहीं आया। उसका शव 25 जून को सतारा जिले में कुम्भर्ली क्षेत्र में एक नाले में मिला था। जांच में यह खुलासा हुआ कि पाल रेड सैंड बोआ सांप की तस्करी में शामिल था। सांप की यह प्रजाति जहरीली नहीं होती है और बताया जाता है कि इसका इस्तेमाल कुछ दवाइयों तथा काले जादू में किया जाता है जिसकी वजह से काले बाजार में इसकी काफी मांग रहती है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# जिस दीवार पर बीएमसी ने खर्च किए 21 करोड़

## महज दो साल में ही ढह गई

**मुंबई।** बृहनमुम्बई महानगर पालिका (बीएमसी) ने मलाड के कुरार गांव के पास स्थित अपने जलाशय के चारों ओर 2.3 किलोमीटर लंबी और 15 फीट ऊंची दीवार बनाने में 21 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। लेकिन अपने निर्माण के महज दो साल बाद ही यह दीवार ढह गई जिसमें 26 लोगों की मौत हुई है। अब बीएमसी ने इसे बनाने वाले ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही बीएमसी ने एक कमिटी भी बनाई है जिसमें आईआईटी और वीरमाता जीजाबाई प्रौद्योगिकी संस्थान (वीजेआईटी) के विशेषज्ञ शामिल होंगे। मंगलवार सुबह, यह दीवार दो जगहों पर ढह गई थी जिसकी वजह से आई बाढ़ में पिंपरीपाड़ा और आंबेडकरनगर की 3,000 से ज्यादा झुग्गियां बह गई। अधिकांश हताहत या तो नाले में मिले या बाढ़ के मलबे में दबे हुए।





### सरकार को गुमराह करने की कोशिश

सूत्रों का कहना है कि बीएमसी यह कहकर सरकार को गुमराह करने की कोशिश कर रही थी कि दीवार पानी के दबाव से नहीं बल्कि भूस्खलन की वजह से ढही है। नगर आयुक्त प्रवीण परदेशी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे। यहां तक कि ठेकेदार, ओंकार इंजीनियर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स ने भी फोन नहीं उठाया। दिसंबर 2015 में, बीएमसी ने बोरिवली स्थित इस फर्म को 21 करोड़ रुपये में रिटेनिंग वॉल बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। इतनी लागत में 100 फ्लैट्स वाली सात मंजिला इमारत बन सकती थी जो कम से कम पांच दशकों तक चलती। यह दीवार 2017 में बनकर पूरी हो गई थी।

**दोषियों पर चले गैर इरादतन हत्या का दोष :** बीजेपी पार्षद विनोद मिश्रा ने बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी को पत्र लिखकर मांग की है कि दोषी लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए। मिश्रा, जो पी-नॉर्थ वार्ड प्रभात समिति के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, 'खराब तरीके से बनाई गई दीवार को सहारा देने के लिए कोई कॉलम नहीं बनाया गया था। इसलिए यह पानी के दबाव से ढह गई। जब पानी नीच बहा तो इसके बाद भूस्खलन हुआ।' सूत्रों के मुताबिक, अगर भूस्खलन के कारण दीवार ढहती है तो बीएमसी और ठेकेदार को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि यह एक प्राकृतिक आपदा है।

# विखे पाटील के आने से कम हुई सुधीर मुनगंटीवार की हैसियत



**मुंबई।** नेता विपक्ष का पद छोड़ बीजेपी सरकार में मंत्री बने पूर्व कांग्रेसी नेता राधाकृष्ण विखेपाटील के चलते बीजेपी के वरिष्ठ नेता व वन, नियोजन और वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार की फडणवीस मंत्रिमंडल में हैसियत कम हो गई है। पहले मंत्रियों के वरिष्ठता क्रम में वह नंबर तीन पर हुआ करते थे, अब खिसककर नंबर पांच पर चले गए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नंबर तीन का रुतबा मुगंटीवार से छीनकर राधाकृष्ण विखे पाटील को दे दिया है। मंत्रियों के वरिष्ठता क्रम की नई सूची को लेकर बीजेपी के मंत्रियों में काफी नाराजगी है, पर मुख्यमंत्री के खिलाफ किसी के बोलने की हिम्मत नहीं है। फडणवीस सरकार ने कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए नेताओं के लिए बीजेपी के कई दिग्गज मंत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक और सरकारी बैठकों में अब विखेपाटील को बैठने के लिए तीसरा स्थान दिया जाएगा। एनसीपी छोड़ शिवसेना में प्रवेश करने वाले राज्य के रोजगार गारंटी मंत्री जयदत्त क्षीरसागर को राज्य मंत्रिमंडल में छठवां स्थान मिला है जबकि राज्य मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री को मिलाकर कुल 25 कैबिनेट मंत्री और 18 राज्य मंत्री हैं। यानी राज्य में मंत्रियों की कुल संख्या 43 हैं। हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार गया और कुछ मंत्रियों के विभाग में बदलाव किया गया, जबकि कुछ को मंत्रियों को हल्का किया है, तो कुछ का बोझ बढ़ा दिया गया है।

सूची नए सिरे से तैयार की है। नई वरीयता सूची के अनुसार राजस्व मंत्री चंद्रकांत पाटील राज्य मंत्रिमंडल में नंबर दो पर बने हुए हैं। गृहनिर्माण मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील को वरिष्ठता सूची में तीसरे नंबर हैं। शिवसेना नेता व राज्य के परिवहन मंत्री दिवाकर रावते चौथे नंबर पर हैं। अब तक नंबर तीन पर रहे वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार पांचवें नंबर पर पहुंचा दिए गए हैं। शिवसेना के कई दिग्गजों को पछाड़ते हुए एनसीपी से शिवसेना में प्रवेश करने वाले रोजगार गारंटी मंत्री जयदत्त क्षीरसागर को छठे नंबर पर रखा गया है। शिवसेना नेता व राज्य के पर्यावरण मंत्री रामदास कदम को वरिष्ठता सूची में सातवें नंबर पर हैं। कभी मुख्यमंत्री पद की रेस में दौड़ने वाले मराठा नेता और राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री विनोद तावडे आठवें और नौवें स्थान पर ग्रामीण विकास मंत्री पंकजा मुंडे को रखा गया है। शिवसेना के नंबर वन कहे जाने वाले स्वास्थ्य मंत्री एकनाथ शिंदे दसवें और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के करीबी राज्य के उद्योग मंत्री सुभाष देसाई को 11 वें नंबर पर रखा गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने करीबियों को सूची में वरिष्ठता क्रम में काफी नीचे रखा है। मुख्यमंत्री का दाहिना हाथ कहे जाने वाले राज्य के जलसंसाधन मंत्री गिरिश महाजन को मंत्री मंडल की वरिष्ठता सूची में 12वां स्थान दिया गया है। 13वें स्थान पर बबनराव लोणीकर, 14वें स्थान पर उर्जा और जलापूर्ति व स्वच्छता मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विपणन मंत्री राम शिंदे को 15 वें स्थान, सुभाष देखमुख को 16 वें स्थान पर रखा गया हैं। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष व राज्य के शिक्षा मंत्री अशीष शेलार को मंत्रिमंडल की वरिष्ठता में 23वें नंबर पर रखा गया है और डॉ. तानाजी सावंत को सबसे नीचे 25वें नंबर पर रखा गया है।

# डॉ. पायल ताडवी सूइसाइड केसः फोन से मिला सूइसाइड नोट

## प्रताड़ना की आपबीती और तीनों आरोपियों का नाम

**मुंबई।** मुंबई के नायर अस्पताल में डॉ. पायल ताडवी की मौत के केस में एक नया मोड़ आया है। उनके फोन से पुलिस को सूइसाइड नोट मिला है। पुलिस शुरूआत से ही यह दावा कर रही थी कि पायल ने अपनी सीनियर डॉक्टरों, डॉ. हेमा आहूजा, डॉ. अदिति खंडेलवाल और डॉ. भक्ति मेहरे की प्रताड़ना से दुखी होकर आत्महत्या की थी। हालांकि, कोई सूइसाइड नोट न होने की वजह से अभियोजन पक्ष के दावे को मजबूती नहीं मिल रही थी। अब फोन से मिले नोट से केस ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस को फरेंसिक जांच में मिले नोट में पायल ने तीनों डॉक्टरों का नाम दिया है। साथ ही, नोट में यह भी लिखा गया है कि कैसे तीनों उनके खिलाफ जातिवादी टिप्पणियां करती थीं, परेशान करती थीं और काम में अलग-थलग रखती थीं। तीनों आरोपी गिरफ्तार हैं और उन्होंने दावा किया है कि पीड़िता सरकारी अस्पताल में काम को बोझ नहीं झेल पा रही थी, इसलिए उसने आत्महत्या कर ली। सूइसाइड नोट मिलने से एक सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि उसकी ऑरिजिनल कॉपी किसने गायब की। इससे शक जाता है कि दो डॉक्टर पायल का शव ले जाए जाने के बाद कमरे में गई थीं। पुलिस का मानना है दोनों आरोपी करीब तीन मिनट पायल के कमरे में रहीं और सूइसाइड नोट के अलावा दूसरे सबूत मिटाए। बता दें कि पायल ने 22 मई को हॉस्टेल के कमरे में आत्महत्या कर ली थी। यह कदम उठाने से पहले उन्होंने अपनी मां को फोन पर प्रताड़ना के बारे में बताया। उन्होंने डॉ. आहूजा से भी करीब दो मिनट फोन पर बात की। आहूजा का दावा है कि फोन पर पायल से एक मरीज की दवाइयों के बारे में बात की थी। कलीना फरिंसक साइंसेज लैब ने सोमवार को क्राइम ब्रांच को सूइसाइड नोट के बारे में बताया। पुलिस ने बॉम्बे हाई कोर्ट को इसकी सूचना दी है। कोर्ट ने क्राइम ब्रांच से नोट को हैंडराइटिंग एक्सपर्ट्स से वेरिफाई कराने के लिए कहा है। उधर, तीनों आरोपियों की जमानत की अर्जी पर सुनवाई जस्टिस साधना जाधव ने 16 जुलाई तक के लिए टाल दी है।



### आवश्यक सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें। **(9619102478)**

# एटीएस ने मुंबई में फर्जी अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया, 7 लोग गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र एटीएस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ठाणे जिले से अवैध रूप से संचालित हो रहे टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ कर 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 500 फर्जी सिम, कई टेलीफोन उपकरण, 3 लैपटॉप, 4 डेस्कटॉप, 11 मोबाइल फोन, एक सर्वर, और 4 वाईफाई राऊटर और कुछ अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया है कि ये वीवोआईपी इंटरनेट कॉल के द्वारा लोकल नंबर को यूएई और खाड़ी देशों में रूट करने का काम करते थे। इस मामले में एटीएस ने पांच जगहों पर छापेमारी कर 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त सामानों की कीमत तकरीबन साढ़े 6 लाख रुपए है। जांच में सामने आया है कि यह वीओआईपी कॉल के द्वारा सरकार को तकरीबन 37 करोड़ का चूना लगा चुके हैं। यह एक्सचेंज मुंबई में था और इससे देश के किसी भी हिस्से से फोन कर खाड़ी देशों में रूट किया जाता था। पकड़े गए सभी आरोपी किसी न किसी रूप से फोन और इंटरनेट के व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। फिलहाल इनके संपर्क में रहने वाले लोगों के बारे में एटीएस की टीम जांच कर रही है।

# पालघर में देह व्यापार के अड्डे पर छापा
## 10 महिलाएं छुड़ाई गईं

**मुंबई।** पालघर जिले की स्थानीय अपराध शाखा, पुलिस और वसई की ग्रामीण पुलिस ने बुधवार और गुरुवार रात दो अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर चार लड़कियों समेत 10 महिलाओं को छुड़ा लिया और एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पहला छापा वसई के अंबाड़ी रोड पर पंचवटी होटल में मारा गया और 34 वर्षीय प्रिया परमार को लड़कियों को देह व्यापार में धकेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। इस छापे में चार किशोरियों समेत पांच महिलाओं को छुड़ाया गया। एक अन्य छापा सातवली इलाके में मारा गया और महिलाओं



से देह व्यापार कराने के आरोप में पुलिस ने शाहनवाज रहमान खान 40, साजिद इकबाल खान 39 और दीपक वाल्मीकि 30, सभी मुंबई के रहवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## दो शराब कंपनियों के ठिकानों पर आयकर का छापा
# 700 करोड़ रु. की अघोषित संपत्ति का खुलासा

**चेन्नई।** आयकर विभाग ने तमिलनाडु के बीयर और विदेशी शराब की दो बड़ी कंपनियों के कई ठिकानों पर छापा मारा है। जांच दल ने तलाशी के दौरान 700 करोड़ रुपए की अघोषित संपत्ति बरामद की। दल ने मंगलवार को राज्य के चेन्नई, कोयम्बटूर, तंजावुर सहित 55 स्थानों पर छापा मारा था। इसके अलावा, विभाग ने केरल, आंध्र प्रदेश और गोवा के विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। आयकर विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि उसने प्रमोटर्स, बड़े



कर्मचारियों और कुछ सप्लायर्स के आवासों की तलाशी ली। विभाग ने यह अभियान कई महीनों से जुटाई जा रही खुफिया जानकारी के बाद चलाया था। विभाग को जानकारी मिली थी कि कुछ कारोबारी समूह उत्पाद की लागत बढ़ाकर कर चोरी में जुटे थे। टीम ने यह भी पाया कि कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं ने चेक या आरटीजीएस द्वारा कंपनियों से भुगतान प्राप्त किया और समूह के कुछ विश्वासपात्र कर्मचारियों को नकद रूप में दोबारा लौटा दिया।

## टीम ने ओवर-इनवॉयसिंग और नकदी के सबूत भी पाए

जांच दल ने ओवर-इनवॉयसिंग किए जाने और कर्मचारियों को नकदी देने के सबूत भी प्राप्त किए। ओवर-इनवॉयसिंग के कारण पिछले छह साल में करीब 400 करोड़ रुपए मूल्य की कर योग्य संपति का घपला किया गया। टीम ने एक अन्य समूह के छह ठिकानों पर छापा मारा और इसमें 300 करोड़ रुपए करयोग्य मूल्य का घपला का पता लगाया। कर अधिकारियों ने एक कर्मचारी के कार का पीछा किया और उसे रुकवाया। टीम ने उसकी कार से 4.5 करोड़ रुपए जब्त किए।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### जबरदस्त बाढ़ से मचा हाहाकार

एनडीआरएफ की टीमें और सेना बचाव कार्य में जुटी हैं। इधर, गृहमंत्री अमित शाह कर्नाटक के बेलगावी पहुंचे और बाढ़ प्रभावित इलाके का हवाई सर्वे किया। वहीं, राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड गये। केरल में बाढ़ ने हाहाकार मचा रखा है। इसमें अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 58 लोग लापता चल रहे हैं। सूबे में बाढ़ से 77,688 परिवार प्रभावित हुए हैं। 1,639 राहत कैंपों में दो लाख 47 हजार 219 लोगों को रखा गया है। राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा हैं। अमित शाह ने बाढ़ प्रभावित कर्नाटक के बेलगावी और महाराष्ट्र के सांगली और कोल्हापुर का हवाई सर्वे किया। उन्होंने राहत और बचाव कार्य को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारें बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं। कर्नाटक में बाढ़ ने हाहाकार मचा रखी है। सूबे में बाढ़ के चलते अब तक 40 लोगों के मरने की खबर है। उत्तराखंड में भी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। सूबे में बाढ़ के चलते 26 लोगों की मौत हो गई है। राज्य में सबसे ज्यादा 9 मौतें चमोली जिले में हुई है। इसके साथ ही उत्तराखंड, कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र समेत 9 राज्यों में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 212 पहुंच गया है। महाराष्ट्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को खाना और राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। रविवार को भारतीय नौसेना ने सूबे के कोल्हापुर और सांगली जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों को खाना, फल और राहत सामग्री बांटी।

### 15 अगस्त को लाल किले को निशाना बना सकते हैं आतंकी

सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले से तीन किलोमीटर के दायरे में हमले की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है। देश के सभी एयरपोर्ट को अलर्ट कर दिया गया है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने सभी राज्यों के पुलिस प्रमुखों को खत लिखकर सुरक्षा कड़ी करने को कहा है। एयरपोर्ट, रनवे, एयर स्ट्रिप, एयर फोर्स स्टेशन, हेलीपैड, फ्लाइंग स्कूल, फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट पर भी सुरक्षा बढ़ाने को लेकर अलर्ट किया गया है। एयरपोर्ट के रास्ते में पड़ने वाले चेक पोस्ट पर भी पेट्रोलिंग बढ़ाने के आदेश जारी किए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी अलर्ट में कहा गया है कि एयरपोर्ट की तरफ आने वाली गाड़ियों में विस्फोटक, आईईडी हो सकता है, जिसे हमले के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए सभी वाहनों की कई लेयर में चेकिंग की जाए। एयर एंबुलेंस की उड़ान पर भी नजर रखने और कड़ी सुरक्षा जांच करने को कहा गया है। एयरपोर्ट पर विजिटर की एंट्री पर बैन है। विजिटर टिकट की बिक्री पर 10 अगस्त से 20 अगस्त तक पहले ही रोक लगा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली पुलिस को अलर्ट किया है कि आतंकवादी सरकारी वाहनों या वर्दी का इस्तेमाल कर आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने की फिराक में हैं। हमले के लिए सड़क का इस्तेमाल किया जा सकता है। संदिग्ध बसों द्वारा दिल्ली पहुंच सकते हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने पाक खुफिया एजेंसी करक द्वारा माहौल खराब करने के लिए पुरानी दिल्ली, गाजियाबाद, लखनऊ में दंगे करवाए जाने की भी आशंका जताई है। अलर्ट में कहा गया है कि लाल किले के आसपास की सड़कों पर गड्ढे, सीवर आदि का इस्तेमाल कर भी आतंकी गड़बड़ी फैला सकते हैं। एजेंसियों ने पड़ोसी राज्यों से भी दिल्ली के रास्ते में पड़ने वाले बस स्टैंड पर कड़ी सतर्कता बरतने को कहा है। सुरक्षा एजेंसियों ने तीन से चार आतंकवादियों के अफगानिस्तान के पासपोर्ट पर दिल्ली में घुसने की आशंका जताई है। सुरक्षा एजेंसियों को हाल में कई संदिग्ध फोन कॉल इंटरसेप्ट से जानकारी मिली कि एंटी इंडिया एक्टिविटी के लिए पाक आईएसआई पैसा लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की फिराक में है, ताकि 15 अगस्त और आने वाले त्यौहारों में माहौल खराब किया जा सके।

### ईद पर सरकार का आज बड़ा इम्तिहान

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने लोगों के लिए 300 स्पेशल टेलीफोन बूथ बनाए हैं, ताकि दिल्ली और अलीगढ़ समेत देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले जम्मू-कश्मीर के स्टूडेंट अपने परिजनों से बातचीत कर सकें और बकरीद मना सकें। जम्मू-कश्मीर में आम लोगों को खाने-पीने और रोजमर्रा के सामानों की कोई दिक्कत न हो, इसके लिए खास व्यवस्था की गई है। इसके लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रोजमर्रा के जरूरी समानों का पर्याप्त भंडारण किया है। 65 दिन के लिए गेहूं का स्टॉक, 55 दिन के लिए चावल, 17 दिन के लिए मटन, एक महीने के लिए चिकन, 35 दिन के लिए कैरोसीन ऑयल, एक महीने के लिए एलपीजी, 28 दिन के लिए हाईस्पीड डीजल और पेट्रोल का स्टॉक किया गया है। कश्मीर में 3,697 में से 3,557 राशन स्टोर को चालू कर दिया गया है। यहां से आम लोग राशन की खरीददारी कर सकते हैं। मोबाइल वैन के जरिए सब्जियों, एलपीजी, चिकन और अंडे लोगों के दरवाजे तक पहुंचाए जा रहे हैं। बकरीद पर कुबार्नी के लिए 2 लाख 50 हजार भेड़-बकरियां उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही छुट्टी के दिन बैंक खुले रखने और एटीएम चालू रखने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के कर्मचारियों का वेतन जारी किया गया जा रहा है। वहीं, जम्मू-कश्मीर किसी भी तरह की कोई घटना न हो, इसके लिए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। आपको बता दें कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा दिया है। अब जम्मू-कश्मीर एक केंद्रशासित प्रदेश बन गया है। इस अनुच्छेद के हटाने के बाद किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए जम्मू-कश्मीर में भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। अब जम्मू-कश्मीर में हालात लगातार सामान्य हो रहे हैं।




DGIPR.2019/2020/C-1941

# भाई की कलाई पर बांधें ईको फ्रेंडली राखी

## पर्यावरण संरक्षण का लें संकल्प

भाई-बहन के रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन पड़ रहा है। भाई की कलाई के लिए एक दिन पहले ही बहनें सुंदर और आकर्षक राखियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि रक्षाबंधन के बाद इन राखियों का क्या होता है। कुछ लोग राखियों को सालों तक संभालकर रखते हैं, जबकि कुछ लोगों को पता ही नहीं चलता कि राखी कब उनके हाथ से टूटकर सड़क पर बिखर गई। यह भावनात्कम और स्वच्छता दोनों ही लिहाज से सही नहीं है। इससे तो बेहतर है कि आप रक्षाबंधन के त्योहार पर ईको फ्रेंडली राखियां खरीदें।हम सभी को कोशिश करनी चाहिए कि खुशियों



का यह त्योहार प्रकृति पर भारी न पड़ जाए। मौजूदा दौर में राखियां बनाने में प्लास्टिक का काफी इस्तेमाल हो रहा है, जो प्रकृति के लिए सही नहीं है। जब त्योहार धागों का है तो यहां प्लास्टिक का क्या काम?

**बायोडीग्रेडेबल राखी खरीदें–** छोटे बच्चों के लिए मिलने वाली राखियों में अकसर प्लास्टिक के खिलौने चिपके होते हैं। कई राखियों में तो मोती भी प्लास्टिक के होते हैं। ऐसी राखियों की बजाय सिंपल रंग-बिरंगे धागों वाली राखियां खरीदिए। इनसे नेचर को किसी तरह का खतरा नहीं है।

**सीड्स राखी खरीदें–** क्यों न आप अपने भाई की कलाई पर सीड्स राखी बांधें। बाजार में आजकल ऐसी राखियां उपलब्ध हैं, जिसमें बीज लगे होते हैं। यह राखी टूटकर कहीं बिखर भी जाए तो आपके दिल को यह तसल्ली होगी कि आज आपकी बहन की दुआओं से एक नए पौधे न धरती पर जन्म लिया है।६

# क्यों मनाते हैं रक्षाबंधन का त्योहार?

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत प्रेम पूर्ण आधार देता है रक्षाबंधन का त्योहार। श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले इस पर्व का ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व भी है। इस दिन बहन भाई की कलाई पर रेशम का धागा बांधती है तथा उसके दीघार्यु जीवन एवं सुरक्षा की कामना करती है। बहन के इस स्नेह से बंधकर भाई उसकी रक्षा के लिए कृत संकल्प होता है। हालांकि रक्षाबंधन की व्यापकता इससे भी कहीं ज्यादा है। राखी देश की रक्षा, पर्यावरण की रक्षा, धर्म की रक्षा, हितों की रक्षा आदि के लिए भी बांधी जाने लगी है।

### सम्मान और आस्था के लिए भी बांधते हैं रक्षा सूत्र

विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इस पर्व पर बंग भंग के विरोध में जनजागरण किया था और इस पर्व को एकता और भाईचारे का प्रतीक बनाया था। रक्षा सूत्र सम्मान और आस्था प्रकट करने के लिए भी बांधा जाता है। रक्षाबंधन का महत्व आज के



परिप्रेक्ष्य में इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि आज मूल्यों के क्षरण के कारण सामाजिकता सिमटती जा रही है और प्रेम व सम्मान की भावना में भी कमी आ रही है। यह पर्व आत्मीय बंधन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ हमारे भीतर सामाजिकता का विकास करता है। इतना ही नहीं यह त्योहार परिवार, समाज, देश और विश्व के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति हमारी जागरूकता भी बढ़ाता है।

### रक्षाबंधन के कई नाम

राखी पूर्णिमा को कजरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। लोग इस दिन 'बागवती देवी' की भी पूजा करते हैं। रक्षाबंधन को कई अन्य नामों से भी जाना जाता है, जैसे विष तारक यानी विष को नष्ट करने वाला, पुण्य प्रदायक यानी पुण्य देने वाला आदि।

### ऐसे हुई रक्षाबंधन की शुरूआत

ऐसी मान्यता है कि श्रावणी पूर्णिमा या संक्रांति तिथि को राखी बांधने से बुरे ग्रह कटते हैं। श्रावण की अधिष्ठात्री देवी द्वारा ग्रह दृष्टि-निवारण के लिए महर्षि दुवार्सा ने रक्षाबंधन का विधान किया।

### इंद्राणी ने इंद्र को बांधा था रक्षा सूत्र

एक और पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार देवों एवं दैत्यों में बारह वर्ष तक युद्ध रोक देने का निश्चय किया, किंतु इंद्र की पत्नी इंद्राणी ने पति की रक्षा एवं विजय के लिए उनके हाथ में वैदिक मंत्रों से अभिमंत्रित रक्षा सूत्र बांधा। इसके बाद इंद्र के साथ सभी देवता विजयी हुए। तभी से इस पर्व को रक्षा के प्रतीक रूप में मनाया जाता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अनुच्छेद 370: पुलिस ने कहा- जम्मू-कश्मीर में सब ठीक

## 15 अगस्त का जश्न कहीं भी मना सकते हैं



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों के सवाल पर एडीजी मुनीर खान ने कहा कि राज्य में सबकुछ ठीक है। आप 15 अगस्त का जश्न कहीं भी मना सकते हैं। राज्य में कानून व्यवस्था और हालात नियंत्रण में हैं। श्रीनगर जिले और अन्य कुछ जगहों पर छिटपुट घटनाएं हुईं हैं, जिन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुलझा लिया गया। कोई बड़ी घटना नहीं हुई। जम्मू-कश्मीर में लगी पाबंदी पर खान ने कहा, राज्य से पाबंदी, धारा 144 हटाने का फैसला जिला कलेक्टर ही लेंगे। घाटी में साजिश के तहत फर्जी वीडियो फैलाए जा रहे हैं। कुछ वीडियो देखे गए, जो 2016 और 2010 के हैं। इन पर कार्रवाई की जा रही है। राज्य में सुरक्षा को लेकर यदि हम कुछ कह रहे हैं, तो आप उसकी पुष्टि कर सकते हैं। एडीजी ने कहा, हमारा पूरा ध्यान इसी पर है कि 15 अगस्त की तैयारियों में कोई गड़बड़ी न हो और इसे शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए। फिलहाल, संवेदनशील स्थानों पर ही पाबंदी लागू है। कश्मीर के स्कूल और कार्यक्रम वाले स्थानों पर पाबंदियां हटा ली गई हैं। पुलिस विभाग ने कहा, अनंतनाग कलेक्टर खालिद जहांगिर के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें चलाई जा रही हैं। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर ने मामले की जांच का जिम्मा साइबर सेल को सौंप दिया है। साइबर टीम फर्जी खबरें फैलाने वाले संदिग्ध व्यक्ति को तलाश रही है। हमारी अपील है कि किसी भी तरह की फर्जी खबरों पर विश्वास न करें। खबरों की पुष्टि करें।

**5 अगस्त को हटाया गया था अनुच्छेद 370:** गृह मंत्री अमित शाह ने 5 अगस्त को राज्यसभा में अनुच्छेद 370 खत्म करने का प्रस्ताव रखा था। इसके कुछ देर बाद ही राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अधिसूचना जारी कर दी। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेश होंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा होगी। इस फैसले के बाद से ही राज्य में तनाव का माहौल है। यहां फोन और इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई।

# हॉस्टल में पानी की कमी, प्रिंसिपल ने कटवा दिए 150 छात्राओं के बाल

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मेंढक के एक आदिवासी स्कूल में हैरान कर देने वाली घटना हुई है। स्कूल की 150 छात्राओं को हॉस्टल में पानी की कमी के कारण बाल कटाने के लिए मजबूर कर दिया गया। ये घटना एक गुरुकुल स्कूल की है, जहां की प्रिंसिपल के। अरुणा ने जबरन 150 छात्राओं के बाल कटवा दिए। उन्होंने ऐसा इस वजह से किया क्योंकि नहाने के लिए पर्याप्त पानी नहीं था। प्रिंसिपल के इस कदम के बाद स्कूल में उनके खिलाफ प्रदर्शन हुआ। ये घटना दो दिन पहले घटी, लेकिन मंगलवार को सामने आई, जब छात्राओं के माता-पिता ने रविवार को छात्रावास का दौरा किया। एक अंग्रेजी अखबार में दावा किया गया है कि स्कूल की प्रिंसिपल के। अरुणा ने कथित तौर पर दो नाइयों को हॉस्टल में बुलाया, जिसके बाद उन्होंने छात्राओं को 25 रुपये देने के लिए मजबूर किया। इस पूरी घटना के बाद अभिभावकों ने प्रिंसिपल के खिलाफ स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। हालांकि के। अरुणा ने




सभी आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि साफ-सफाई के लिए छात्राओं का बाल कटवाया गया, क्योंकि कुछ छात्राएं त्वचा की बीमारियों से पीड़ित थीं। उन्होंने कहा कि बाल छात्राओं की सहमति से कटवाया गया और हॉस्टल में पानी की कमी भी इसका कारण है। इस बीच, जिला प्रशासन और कल्याण विभाग ने इस पूरी घटना के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# चंद्रयान-2 ने पृथ्वी के चार चक्कर लगाकर कक्षा छोड़ी

## 6 दिन बाद चंद्रमा के ऑर्बिट में पहुंचेगा


**नई दिल्ली।** चंद्रयान-2 ने मंगलवार रात 2 बजकर 21 मिनट पर पृथ्वी की कक्षा को छोड़ दिया। अब वह चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करने के लिए निकल चुका है। इस प्रक्रिया को ट्रांस लूनर इंसर्शन (टीएलआई) कहा जाता है। चंद्रयान-2 पृथ्वी की कक्षा में 23 दिन रहा और उसके चार चक्कर लगाए। इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से 22 जुलाई को यह मिशन लॉन्च किया था। इसरो चेयरमैन के सिवन ने बताया कि चंद्रयान-2 को चंद्रमा की कक्षा तक पहुंचने में 6 दिन लगेंगे। चंद्रयान-2 ने सफलतापूर्वक लूनर ट्रांसफर ट्रजेक्टरी



सिस्टम में प्रवेश कर लिया है। 20 अगस्त को चंद्रयान-2, चंद्रमा की कक्षा में पहुंच जाएगा। पृथ्वी से चंद्रमा के बीच की दूरी 3.84 लाख किलोमीटर है। इसरो के अनुसार, पृथ्वी की अंतिम कक्षा छोड़ने के दौरान यान के इंजन को 1203 सेकंड के लिए चालू किया गया था। मिशन की लॉन्चिंग की तारीख आगे बढ़ाने के बावजूद चंद्रयान-2 चांद पर तय तारीख यानी 7 सितंबर को ही पहुंचेगा। इसे समय पर पहुंचाने का मकसद यही है कि लैंडर और रोवर तय शेड्यूल के हिसाब से काम कर सकें। समय बचाने के लिए चंद्रयान ने पृथ्वी का एक चक्कर कम लगाया। पहले 5 चक्कर लगाने थे, पर बाद में इसे चार किया गया। इसकी लैंडिंग ऐसी जगह तय है, जहां सूरज की रोशनी ज्यादा है। रोशनी 21 सितंबर के बाद कम होनी शुरू होगी। लैंडर-रोवर को 15 दिन काम करना है, इसलिए समय पर पहुंचना जरूरी है।

# पुलिस ने पेश की इंसानियत की मिसाल, थाने में नाबालिग बच्चे की कर रही परवरिश

**नई दिल्ली।** वडोदरा पुलिस ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। हमेशा कानून के दायरे में रहने वाले वर्दीवालों का मानवीय चेहरा देखने को मिल रहा है। दरअसल वडोदरा में एक पति ने अपनी पत्नी का कत्ल कर दिया और फिर वडोदरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। लेकिन उनका 12 साल का नाबालिग बच्चा भावेश, मां की हत्या और पिता के जेल जाने से अकेला हो गया। यह देखते हुए वडोदरा पुलिस ने इंसानियत के नाते को अपने साथ ही रखा और पुलिस थाने में ही बच्चे के लिए एक बेड लगा दिया। अब पुलिस मानवता के नाते बच्चे की देखभाल थाने में ही कर रही है। दरअसल डेढ़ साल पहले भावेश की मां



का कत्ल हो गया था। पुलिस ने जब मामले की जांच की तब पता चला की भावेश के पिता ने ही अपनी पत्नी की हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में ले लिया।

लेकिन वडोदरा पुलिस के उपर ही उसके बच्चे भावेश की जिम्मेदारी आ गई। वडोदरा पुलिस के एसपी एस। जी। पाटिल ने थाने में ही अपने चेंबर के बगल वाले कमरे में भावेश के सोने के लिए एक बेड लगवा दिया। वहीं बच्चे की पढ़ाई पर कोई असर ना हो इस लिए किताबों का भी प्रबंध कर दिया। साथ ही भावेश के खाने पीने का भी इंतजाम कर दिया। देखते ही देखते आठवी कक्षा में पढ़ाई करने वाला भावेश वडोदरा पुलिसका लाडला बन गया।

# महाकाल मंदिर में जाने के लिए महिलाओं को करना पड़ता है यह काम

सावन का महीना चल रहा है। इस महीने में शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रहती हैं, जिसमें से एक है महाकाल मंदिर। भगवान शिव को समर्पित यह स्वयंभू ज्योतिर्लिंग मंदिर मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में स्थित है, जिसके दर्शन करने के लिए श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं। इस मंदिर का कई पौराणिक ग्रंथों में काफी सुंदर वर्णन मिलता है।

**देश-विदेश से आते हैं टूरिस्ट महाकाल मंदिर में** - भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में से एक उज्जैन



के महाकालेश्वर मंदिर तीन हिस्सों में विभाजित है। इसके ऊपरी हिस्से में नाग चंद्रेश्वर, नीचे ओंकारेश्वर और सबसे नीचे महाकाल मुख्य ज्योतिर्लिंग स्थापित है। यहां आप भगवान शिव के साथ ही गणेशजी, कार्तिकेय और माता पार्वती के दर्शन कर सकते हैं। इसके साथ ही यहां एक कुंड भी है, जिसमें स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं।

**असुर का वध करने के लिए हुए थे प्रकट** - ऐसा माना जाता है कि महाकाल यहां दुषण नामक असुर से लोगों की रक्षा के लिए प्रकट हुए थे। जब उन्होंने असुर का वध कर दिया तो लोगों ने भगवान महाकाल को यहीं वास करने की प्रार्थना की, जिसके बाद भगवान ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रकट हुए। इसके अलावा उज्जैन का शास्त्रों में वर्णन भगवान श्रीकृष्ण को लेकर भी मिलता है, क्योंकि उनकी शिक्षा यहीं हुई थी।

**भस्म से होती है आरती** - हर सुबह महाकाल की भस्म आरती करके उनका श्रृंगार होता है। ऐसा माना जाता है कि जो इस आरती में शामिल हो जाए उसके सभी कष्ट दूर होते हैं। इसके बिना आपके दर्शन पूरे भी नहीं माने जाते हैं। इसके अलावा यहां नाग चंद्रेश्वर मंदिर और महाकाल की शाही सवारी भी काफी फेमस है।

**महिलाओं के लिए है खास नियम** - इस मंदिर में आने के लिए महिलाओं को एक खास नियम की पालना करनी पड़ती है। दरअसल, महिलाओं को यहां आरती में शामिल होने के लिए घूंघट लेना पड़ता है। वहीं यहां अन्य किसी भी प्रकार के वस्त्र यानि जींस आदि जैसे कपड़े पहनने की मनाही है।

## मुंबई हलचल राशिफल

-आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष:** जीवन सुखमय व्यतीत होगा। समाजसेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। मेहनत का फल प्राप्त होगा। नए काम मिलेंगे।

**वृष:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। शुभ सूचना प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** किसी बड़ी समस्या का हल किसी बाहरी व्यक्ति के सहयोग से होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क:** चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी से लिए गए निर्णय पछतावे का कारण बन सकते हैं।

**सिंह:** फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कर्ज लेना पड़ सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कन्या:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी।

**तुला:** कोई पहले बनाई गई योजना फलीभूत होगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** रोजगार प्राप्ति के लिए किसी विशिष्ट व्यक्ति का सहयोग लेना पड़ सकता है। सफलता प्राप्त होगी। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**धनु:** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के अवसर हाथ आए आएंगे। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर:** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**मीन:** पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दौड़धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। दूसरों की बातों में न आएं। जीवनसाथी और मित्रों के सहयोग से बाधा दूर होगी।

## धरती की ओर बढ़ रहा यह एस्टेरॉयड, 10 अगस्त को टकराया तो खत्म हो जाएगा एक देश

अंतरिक्ष में एक नहीं हजारों की संख्या में एस्टेरॉयड मौजूद हैं। धरती हमेशा ही इनके निशाने पर होती है। इनमें कुछ छोटे तो कुछ इतने विशाल हैं कि यदि वे धरती से टकरा जाएं तो तबाही ला सकते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (ठअरअ) ने 2006 क्यूक्यू 23 (2006 दद23) नाम के एक ऐसे एस्टेरॉयड का पता लगाया है जो 10 अगस्त को धरती से टकरा सकता है। वैज्ञानिक चिली स्थित दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन के जरिए इस पर नजर बनाए हुए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे इसके खतरे को लेकर अपना अध्ययन जारी रखे हुए हैं। नासा नए सिरे से इसका आकार प्रकार को मापने में लगी हुई है।

**साल 2006 में लगा था पता, फिर हो गया था ओझल**

वैज्ञानिकों ने 21 अगस्त 2006 को पहली बार इस एस्टेरॉयड का पता लगाया था। तब भी इसके धरती से टकराने की आ-शंका जताई गई थी। वैज्ञानिकों ने तब लगातार 10 दिनों तक इस पर नजर रखी थी। यह धरती के काफी करीब आ गया था। लेकिन, इसके बाद यह उनकी नजरों से यह ओझल हो गया था। अब नासा के वैज्ञानिकों को यह एस्टेरॉयड दोबारा नजर आया है। इसे लेकर वे बेहद सक्रिय हैं। हालांकि, बीते दिनों नासा के सेंटर फॉर नीयर अर्थ आब्जेक्ट स्टडीज (NASA's Centre for Near Earth Object Studies) के मैनेजर पॉल चडस का कहना था कि 20,000 से अधिक विश्लेषणों में पाया गया है कि अगली सदी में इंसानों के खत्म होने की संभावना 10,000 में एक है।

**...तो खत्म हो जाएगा एक देश**

इस एस्टेरॉयड का ब्यास 254 से 568 मीटर के बीच है। यह 263 दिनों में सूर्य का एक चक्कर लगा रहा रहा है। वैज्ञानिकों ने इसे अटेन श्रेणी में रखा है जिसका अर्थ है कि यह धरती के नजदीक से गुजरने वाला एस्टेरॉयड है। नासा के सेंटर फॉर नीयर अर्थ आब्जेक्ट स्टडीज के मुताबिक, अगले महीने की 10 तारीख को यह धरती के बेहद करीब यानी 0.04977 एस्ट्रोनॉमिकल यूनिट्स की दूरी से गुजरेगा। इस्-के धरती से टकाने की आशंका 7000 में से एक के बराबर है बावजूद वैज्ञानिक इसके खतरे को कम करके नहीं देख रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि इतना बड़ा एस्टेरॉयड धरती से टकरा जाए तो एक देश को खत्म कर सकता है।


**एस्टेरॉयड टकराने से खत्म हो गए थे डायनासोर**

साल 2013 मेंच चेलियाबिंस्क में एक छोटा पिंड टकराया था जिस्-की वजह से 66 फीट गहरा गड्ढा हो गया था। यह टक्कर दक्षिणी यूराल क्षेत्र में हुई थी जिसके कारण करीब 1500 लोग घायल हो गए थे और संपित्तयों को क-ाफी नुकसान पहुंचा था। यह इतनी तेज घटना थी जिसे लोग समझ ही नहीं पाए थे। यही नहीं 6.6 करोड़ साल पहले 10 किलोमीटर आकार का एक छुद्र ग्रह धरती से टकराया था जिसके कारण धरती से डायनासोर एवं अन्य दूसरी प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। साल 2012 में एक बस के आकार का एस्टेरॉयडधरती के काफी करीब से गोली से 10 गुना तेज रफ्तार से गुजर गया था जिससे वैज्ञानिक सन्न रह गए थे। अभी इसी महीने 19 जुलाई को ही 2019 एनजे2 (2019 ठख2) एस्टेरॉयड धरती के नजदीक से गुजरा था।

**क्या होते हैं एस्टेरॉयड**

हमारे सौरमंडल में मंगल और बृहस्पति ग्रह की कक्षाओं के बीच एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें छोटे बड़े हजारों खगोलीय पिंड मौजूद हैं, जिन्हें एस्टेरॉयड के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र को एस्टेरॉयड क्षेत्र कहा जाता है। इनमें एक खगोलीय पिंड तो 950 किलोमीटर के व्यास का भी है। एस्टेरॉयड सूर्य की परिक्रमा करते हैं। लेकिन छोटे आकार की वजह से इनको ग्रह नहीं कहा जाता है। हमारे सौरमंडल में करीब एक लाख एस्टेरॉयड मौजूद हैं, जो अलग-अलग आकार के हैं। हिडाल्गो, हर्मेस, ऐरोस नामक क्षुद्रग्रह तो पृथ्वी से कुछ लाख किलोमीटर की ही दूरी पर हैं। ऐरोस एक छोटा क्षुद्रग्रह है जो कक्षा से भटक गया है तथा हर सात वर्षों के बाद पृथ्वी से 256 लाख किलोमीटर की दूरी पर आ जाता है। इसकी खोज 1898 में जी विट ने की थी।

## पेड़ कटता देख रोने लगी थी वैलेंटिना, उट ने बनाया 'ग्रीन मणिपुर मिशन' की ब्रांड एम्बेसडर



जहां पर्यावरण को बचाने के लिए बड़े तमाम कोशिशों में लगे है, वहीं बच्चे भी इस मिशन में अपनी अहम भूमिका निभाने में लगे हुए है, जिसमें सोशल मीडिया भी पूरी मदद कर रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल होते है। ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है एक 9 साल की रोती बच्ची का, जिसे मणिपुर की रहने वाली वैलेंटिना बताया जा रहा है। खास बात तो यह है कि इस रोती बच्ची की मासूमियत और पर्यावरण के प्रति लगाव से न सिर्फ आम जनता बल्कि सीएम एनबीरेन सिंह भी इस कदर प्रभावित हुए कि उन्होंने इस बच्ची को ह्यग्रीन मणिपुर मिशनह्न योजना की ब्रांड एम्बेसडर बना दिया।

**पेड़ कटता देख रोने लगी थी वैलेंटिना**

राज्य की सड़कों को चौड़ा करने के लिए काकचिंग जिले पर पेड़ों को काटा जा रहा था। पेड़ों को कटता देख कर 1 कक्षा में पढ़ने वाली यह बच्ची रोने लग गई थी क्योंकि उन पेड़ों में उसके द्वारा लगाए गए दो गुलमोहर के पेड़ शामिल थे। काटते हुए पेड़ को देख कर रोने की बात जब वहां के सीएम एनबीरेन सिंह को मिली तो उन्होंने उसे इस मिशन का ब्रांड एम्बेसडर बनाने का फैसला ले लिया। इस योजना के तहते वैलेंटिना अब सरकार के कई विज्ञापनों व कार्यक्रमों का हिस्सा बनेगी।

इस बच्ची की रोते हुए की वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। इस वीडियो में वह मणिपुरी भाषा में बोल रही है 'मैंने इन पेड़ों को खुद लगाया था। मैं इन पेड़ों को काफी प्यार करती थी। मुझे इनको कटते हुए देखने के बाद काफी दुख हो रहा है। वो पेड़ मेरे भी ज्यादा बड़े हो गए थे, फिर उन्हें क्यों काट दिया गया। बच्ची ने कहा कि दो पेड़ों की जगह अब 20 नए पौधे लगाएगी'।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सिर में नहीं रहने देंगे एक भी जूं, इतने कमाल के हैं ये नुस्खे



बारिश के मौसम में भीगने के कारण सिर में जुएं पड़ जाती है। इसके अलावा गंदे बाल, गीले बालों को बाधना, पसीना या किसी और का तौलिया या हेयर ब्रश इस्तेमाल करने से भी सिर की जुएं पड़ हैं। जब जूएं सिर पर अपना घर बना लेती है तो खुजली कर-कर के बुरा हाल हो जाता है। वहीं इसके कारण दूसरों के सामने शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिससे आपकी यह समस्या मिनटों में दूर हो जाएगी।

## जुओं को दूर करने के घरेलू नुस्खे

➤**काली मिर्च और दही** - जूओं को भगाने के लिए आप काली मिर्च और दही का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। साथ ही इससे इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है। इसके लिए 1/2 चम्मच काली मिर्च पाउडर, 1 कप दही और 2 चम्मच नींबू के रस को मिलाकर नहाने से 20 मिनट पहले लगाएं और फिर ताजे पानी से धो लें। ध्यान रखें कि नहाते वक्त आपकी आंखें अच्छी तरह बंद हो।

➤**अमरूद के पत्ते** - अमरुद के पत्तों को पीसकर उसमें हल्दी मिलाएं। फिर नहाने से करीब 2 घंटे पहले इसे स्कैल्प पर लगाएं और शॉवर कैप से कवर लें। इसके बाद ताजे पानी से धो लें। इससे जुएं मर जाएंगी।

➤**नीम** - नीम के पत्तों को पीसकर नहाने से पहले सिर पर 2 घंटे के लिए लगाने से भी जुओं से छुटकारा मिलता है।

➤**तुलसी के पत्ते** - बालों में पिसे तुलसी के पत्ते लगाकर कपड़े से कवर कर लें। इससे जुएं मर जाएं और कपड़े से चिपक जाएंगी। इसके बाद ताजे पानी से बालों को अच्छी तरह धो लें। हफ्ते में कम से कम 2-3 बार इसका इस्तेमाल करें।

➤**लहसुन** - नहाने से पहले लहसुन की कुछ कलियों को पीसकर नींबू के रस में मिलाकर लगाएं और 10-15 मिनट बाद ताजे पानी से बाल धो लें। इससे जुएं मर जाएंगी और बाहर निकल जाएंगी।

➤**बेबी ऑयल** - बालों में थोड़ा-सा बेबी ऑयल लगाकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसके बाद सुबह बारीक कंघी से जुओं को बाहर निकाल लें। फिर माइल्ड शैंपू से बालों को धो लें। हफ्ते में कम से कम 2-3 बार ऐसा करने से आपको फर्क देखने को मिलेगा।

➤**नमक** - नमक के इस्तेमाल से भी जुओं को आसानी से निकाला जा सकता है। इसके लिए 1/4 कप नमक और सिरके को अच्छे से मिक्स करें। अब इसे स्प्रे बोतल में डालकर बालों में लगाएं और फिर शॉवर कैप कवर करके 2 घंटे के लिए छोड़ दें। फिर शैंपू से बालों को अच्छी तरह धोएं। इससे भी आपको बेहतर रिजल्ट मिलेगा।

➤**पेट्रोलियम जेली** - जूंओं की समस्या होने पर पेट्रोलियम जेली की एक मोटी परत अपने स्कैल्प पर लगाकर शॉवर कैप से सिर को कवर करें और रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह के बेबी ऑयल से मसाज करके कंघी करके शैंपू करें। हफ्ते में 2 बार ऐसा करने से आपको खुद फर्क दिखाई देगा।

➤**टी ट्री ऑयल** - 1 टीस्पून टीट्री ऑयल, थोड़ा-सा शैंपू और 3 टेबलस्पून नारियल या जैतून का तेल को मिक्स करके बालों में आधे घंटे तक लगाएं। फिर गुनगुने पानी से सिर धोएं। हफ्ते में 2-3 बार इसका यूज करें।

➤**सफेद सिरका** - सफेद सिरका और पानी को बराबर मात्रा में मिलाकर बाल धोएं। हफ्ते में 3-4 बार ऐसा करने से आपको खुद फर्क महसूस करेंगे।

# नहाते वक्त ये गलतियां पहुंचा सकती हैं त्वचा और बालों को नुकसान



दिन भर की थकान मिनटों में दूर करने के लिए 10 मिनट का शॉवर ही काफी है। नहाने से शारीरिक रिलैक्सेशन मिलने के साथ-साथ मन भी रिलैक्स हो जाता है। यही वजह है कि कई कई लोग अपनी थकान दूर करने के लिए भी नहाना पसंद करती हैं लेकिन कई बार हम बॉडी को रिलैक्स करने के चक्कर में ऐसी कुछ गलतियां कर जाते हैं जिनकी वजह से हमें कई स्किन प्रॉब्लमस का सामना करना पड़ता है। न केवल स्किन बल्कि बालों को भी नुकसान पहुंचता है। तो आइए आज जानते हैं नहाते वक्त अनजाने में होने वाली गलतियों के बारे में...

**बहुत गर्म पानी से नहाना** - बहुत से लोग थकावट दूर करने के लिए गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि गर्म पानी से नहाने के बाद शरीर हल्का हो जाता है लेकिन पानी इतना भी गर्म नहीं होना चाहिए की उससे आपकी त्वचा का नेचुरल मॉश्चराइजर ही खत्म हो जाए। इससे आपकी स्किन ड्राई और खिंची-खिंची रह सकती है।

**देर तक नहाना** - पानी की फुहार के बीच हर तरह का तनाव और परेशानी जैसे मिट जाते है। कई बार उस मजे में लोग कई देर शॉवर के नीचे या फिर बाथ-टब में बैठे रहते हैं। खासतौर पर महिलाओं की त्वचा ऐसा करने से रुखी-सूखी व ड्राई रहने लगती है। बाथ-टब में 10 मिनट से ज्यादा कभी नहीं बैठना चाहिए।

**सिर में कसकर तौलिया बांधना** - कई महिलाएं सिर धोने के बाद बालों को तौलिए से बांध लेती हैं। यह गलती आपके बालों की सेहत के लिए बिल्कुल अच्छी नहीं है। दरअसल गीले बाल ज्यादा नाजुक होते हैं। अगर आप गीले बालों को तौलिए में कसकर बांध लेती हैं तो इससे उनके कमजोर होकर टूटने की आशंका बढ़ जाती है। कई महिलाएं बाल खोलते ही गीले बालों का झाड़ना शुरू कर देती हैं, इससे उनके कमजोर होकर टूटने की आशंका बढ़ जाती है। अगर आप पहले से ही हेयरफॉल की समस्या से जूझ रही हैं तो इन आदतों को बदलें और गीले बालों हल्के से बांधे व खोलने के बाद आराम से सुलझाएं।

**लूफा यानि नहाने वाला ब्रश** - आमतौर पर महिलाएं या फिर बच्चे नहाने के दौरान मैल साफ करने वाले ब्रश को जमीन पर रख देते हैं। उसे फिर से उठाकर शरीर पर मलने से त्वचा संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। नहाते वक्त एक बार में ही बॉडी साफ करने के बाद ब्रश को धोकर साइड किसी हैंडल पर टांग दें। कभी भी साबुन लगा ब्रश बिना साफ किए ऐसे ही बाथरुम में न छोड़े, ऐसा करने से लूफा में बैक्टीरिया ग्रोथ होने की आशंका बढ़ जाती है।

**बहुत खुशबूदार साबुन से नहाना** - बहुत से लोग स्पैशली महिलाएं खुसबूदार साबुन से नहाना पसंद करती हैं। बहुत ज्यादा खुशबू भी आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकती है। बेहतर होगी कि खूशबूदार साबुन के बजाय आप एसेंशियल ऑयल से भरपूर साबुन का इस्तेमाल करें। इससे आपको भीनी-भीनी खुशबू भी आएगी और आपकी त्वचा भी जवां नजर आएगी।

# आपकी इन 7 प्रॉब्लम्स की वजह है फ्रिज का ठंडा पानी

गर्मियों के मौसम में प्यास बुझाने के लिए हर कोई ठंडे पानी का सहारा लेता है। भले ही ठंडा पानी पी कर आपको तुरंत राहत मिल जाती होगी मगर यही राहत आपको आगे चल परेशान भी कर सकती है। खासकर जब बाहर धूप से घर में घुसते ही आप भी सीधे फ्रिज खोल कर ठंडा पानी पीते हैं तो सीधे तौर पर अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे होते हैं। तो चलिए आज जानते हैं ठंडे पानी के सेवन से सेहत को पहुंचने वाले नुकसानों के बारे में....



## ➤वजन बढ़ने का कारण

ज्यादा ठंडा पानी पीने से पेट पर चर्बी जमा होने लगती है। ऐसे में कोशिश करें कि कम से कम ठंडा पानी पीएं और ज्यादा से जयादा गर्म पानी पीएं। गर्म पानी से आपकी बॉडी में मौजूद फैट आसानी से बाहर निकल सकता है।

## ➤एनर्जी लेवल करता है कम

ठंडा पानी पीने से बॉडी में मेटाबॉलिज्म स्लो काम करने लगते हैं। जिससे शरीर में काम करने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है शरीर सुस्त रहता है और एनर्जी लेवल डाउन हो जाता है।

## ➤कब्ज की शिकायत

कब्ज की समसया है तो आपको ठंडे पानी का सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। ठंडा पानी से आपकी कब्ज की समस्या और भी बढ़ सकती है। जरुरत से अधिक ठंडा पानी पेट की मांसपेशियों को कठोर कर देता है जिससे पेट से जुड़ी कई समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

## ➤खाना पचाने में दिक्कत

ठंडा पानी पाचन क्रिया को कमजोर करता है। जिससे खाना पचाने में दिक्कत आती है। मैडिकली प्रूव हो चुका है कि अधिक ठंडा पानी पीने वालों के पेट में अक्सर दर्द रहता है। ठंडा पानी आपके हार्ट रेट को कम करता है क्योंकि इससे गर्दन के पीछे मौजूद एक नस प्रभावित होती है जो हार्ट रेट को धीमा कर देती है।

## ➤डीहाइड्रेशन

ठंडा पानी प्यास बुझा देता है बल्कि नॉर्मल पानी प्यासे आदमी की प्यास को और भी बढ़ाता है। जिससे थोड़ी देर बाद व्यक्ति और पानी पीता है। जिससे शरीर डीहाइड्रेटेड होने से बच जाता है वहीं अगर ठंडे पानी से ही पूरे दिन प्यास बुझाई जाए तो चाह कर भी पेट में पानी की उचित मात्रा नहीं पहुंच पाती है।

## ➤गले में इंफेक्शन

ठंडे पानी के सेवन से गले में गले में इंफेक्शन होने के चांसिस बढ़ जाते हैं। ज्यादा ठंडा पानी कफ का कारण भी बन सकता है। जो बच्चे अधिक ठंडा पानी पीते है उनके ग्ले में टॉसिल्स बन जाते हैं जिसका असर उनके शारीरिक विकास पर पड़ता है। ऐसे में खुद भी नार्मल पानी पिएं और बच्चों को भी सादा पानी ही दें।

## ➤सिर दर्द का कारण

ठंडा पानी सिर पर मौजूद क्रॉनियल नस को भी अफेक्ट करती है जिससे सिर में तेज दर्द होता है। कुछ लोग तेज धूप को सिर दर्द का कारण समझने लगते हैं। जबकि बाहर धूप से आकर एकदम ठंडे पानी का सेवन ही सिर दर्द का कारण बनता है।

# बीसीसीआई: टीम इंडिया के कोच के लिए शास्त्री-मूडी समेत 6 नाम शॉर्ट लिस्ट

## लालचंद राजपूत भी रेस में

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के अगले कोच का ऐलान इस सप्ताह के अंत या अगले सप्ताह के शुरू में हो सकता है। कपिल देव की अगुवाई वाली क्रिकेट एडवाइजरी काउंसिल ने 6 नाम शॉर्ट लिस्ट किए हैं। इनमें न्यूजीलैंड के पूर्व कोच माइक हेसन, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑल राउंडर टॉम मूडी, टीम इंडिया के पूर्व मैनेजर लालचंद राजपूत और टीम इंडिया के पूर्व फील्डिंग कोच रॉबिन सिंह शामिल हैं। वेस्ट इंडीज के पूर्व ओपनर फिल सिमंस और वर्तमान कोच रवि शास्त्री भी इस रेस में हैं। शास्त्री, फिलहाल टीम इंडिया के साथ वेस्टइंडीज दौरे पर हैं। उन्हें इस दौरे के लिए एक्सटेंशन दिया गया है। क्रिकेट एडवाइजरी काउंसिल (सीएसी) सभी 6 उम्मीदवारों का इंटरव्यू करेगी। यह शुक्रवार को होंगे। रवि शास्त्री स्काइप के जरिए प्रजेंटेशन और इंटरव्यू दे सकते हैं। सीएसी में कपिल देव के अलावा टीम इंडिया के पूर्व ओपनर अंशुमान गायकवाड़ और महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी शामिल हैं।

**टॉम मूडी:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी 2005 में जॉन राइट के बाद भारतीय टीम के कोच बनने के दावेदार थे, लेकिन चैपल को यह जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद मूडी श्रीलंकाई टीम के कोच बने। उनकी कोचिंग में श्रीलंका 2007 वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची थी। उन्होंने 2007 बिग बैश में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया को कोचिंग दी। इसके बाद आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब और सनराइजर्स हैदराबाद के भी कोच रहे। उनकी कोचिंग में ही सनराइजर्स की टीम 2016 में चैम्पियन बनी थी। उन्हें हाल ही सनराइजर्स ने कोच पद से हटा दिया है।

**माइक हेसन:** हेसन 6 साल तक न्यूजीलैंड के कोच थे। उनकी कोचिंग में कीवी टीम 2015 वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची थी। तब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार गई थी। पिछले साल उन्होंने कोच पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब को कोचिंग दी।



रवि शास्त्री | रॉबिन सिंह | लालचंद राजपूत | फिल सिमंस | टॉम मूडी | माइक हेसन

**फिल सिमंस:** वेस्टइंडीज के लिए 26 टेस्ट और 143 वनडे खेलने वाले फिल सिमंस ने 2002 में संन्यास लिया था। वे 2004 में जिम्बाब्वे के कोच बने थे। उन्हें 2007 वर्ल्ड कप के बाद आयरलैंड का कोच बनाया गया। सिमंस ने टीम को 224 मैच में कोचिंग दी। 2015 में सिमंस विंडीज के कोच बने। उनकी कोचिंग में टीम 2016 टी-20 वर्ल्ड कप जीती थी। इसके बाद 2017 में वे अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बने थे। वर्तमान में सिमंस कनाडा टी-20 लीग में ब्रैम्पटन वोल्व्स के कोच हैं।

**लालचंद राजपूत:** लालचंद फिलहाल जिम्बाब्वे के कोच हैं, लेकिन टीम को आईसीसी ने प्रतिबंधित कर दिया है। लालचंद 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप और 2008 में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर सीबी सीरीज जीतने वाली टीम के मैनेजर थे। मुंबई के पूर्व ओपनर बल्लेबाज लालचंद ने भारत के लिए दो टेस्ट और चार वनडे खेले हैं। उन्होंने कोचिंग करियर की शुरूआत अंडर-19 से की। 2007 में इंग्लैंड दौरे के लिए उन्हें भारतीय अंडर-19 टीम का कोच बनाया गया था। इसके बाद लालचंद को सीनियर टीम का मैनेजर बनाया गया था। लालचंद इंडियन प्रीमियर लीग के 2008 सीजन में मुंबई इंडियंस के कोच थे। 2016 में वे अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बने। उनकी कोचिंग में ही अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराकर आईसीसी का फुल मेंबर होने का दर्जा हासिल किया था। 2018 में वे जिम्बाब्वे को कोच बने थे।

**रॉबिन सिंह:** भारत के लिए एक टेस्ट और 136 वनडे खेलने वाले रॉबिन सिंह टीम इंडिया के पूर्व फील्डिंग कोच थे। वे भारतीय अंडर-19 टीम के कोच थे। 2004 में उन्हें हॉन्गकॉन्ग क्रिकेट टीम का कोच बनाया गया। उनके रहते हुए टीम 2004 एशिया कप के लिए क्वालिफाई की। 2006 में उन्हें भारत 'ए' का कोच बनाया गया। वे 2007-09 में टीम इंडिया के फील्डिंग कोच बने। इसके बाद 2008 में ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले सीजन में डेक्कन चार्जर्स के कोच नियुक्त हुए। उन्हें 2010 में मुंबई इंडियंस ने 3 साल के लिए कोच बनाया। उनके रहते हुए टीम 2010 में उपविजेता बनी। इसके अलावा उन्होंने पिछले 8 अन्य घरेलू टीमों को कोचिंग दी।

**रवि शास्त्री:** 57 साल के शास्त्री टीम इंडिया के कप्तान कोहली की पसंद थे। शास्त्री को बतौर कोच खुद को साबित करने के लिए चार बड़े मौके मिले- दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज और फिर वर्ल्ड कप, लेकिन इन 4 में से 3 मिशन में वे फेल रहे। टीम दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी। पिछले दिनों खत्म हुए वर्ल्ड कप के फाइनल में भी टीम जगह नहीं बना सकी। उनकी एक बड़ी उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया में टीम को पहली बार टेस्ट सीरीज में जीत दिलाना है।

# सीओए ने द्रविड़ को क्लीन चिट दी

## कहा- इस पर अंतिम फैसला बीसीसीआई के लोकपाल करेंगे

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट की प्रशासकों की समिति ने पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को हितों के टकराव के मामले में क्लीन चिट दे दी है। नेशनल क्रिकेट एकेडमी का प्रमुख बनने पर द्रविड़ को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के लोकपाल डीके जैन ने हितों के टकराव को लेकर नोटिस भेजा था। सीओए ने कहा कि द्रविड़ के खिलाफ हितों के कोई टकराव का कोई मामला नहीं है। सीओए के नए सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल रवि थोगड़े ने कहा इस मामले में अब बीसीसीआई के लोकपाल डीके जैन की कोर्ट आगे का फैसला लेगी। द्रविड़ नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) के प्रमुख होने के साथ इंडिया सीमेंट ग्रुप में उपाध्यक्ष भी हैं। आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स इंडिया सीमेंट की है। डीके जैन ने द्रविड़ को नोटिस मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सदस्य



संजीव गुप्ता की शिकायत पर भेजा। संजीव गुप्ता ने पहले भी सचिन तेंदुलकर, सौरभ गांगुली और वीवीएस लक्ष्मण के खिलाफ भी हितों के टकराव की शिकायत की थी। थोगड़े ने बैठक के बाद कहा, राहुल के मामले में हितों के टकराव का कोई मामला नहीं है। उन्हें एक नोटिस मिला है और हमने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हमने कोई हितों का टकराव नहीं देखा, लेकिन अगर लोकपाल को कोई जानकारी मिलती है तो हम अपना पक्ष रखेंगे। उसके बाद लोकपाल को विचार करना होगा। यह एक प्रक्रिया है, जो जारी रहेगी। द्रविड़ सीओए की बैठक से पहले मुंबई में थे। उन्होंने डीके जैन को अपना जवाब भेजा है, लेकिन यह पता नहीं चला है कि उन्होंने पद से इस्तीफा दिया है या नहीं। सीओए ने उनकी नियुक्ति के समय स्पष्ट किया था कि द्रविड़ को इंडिया सीमेंट्स के उपाध्यक्ष का पद छोड़ना होगा या कार्यकाल पूरा होने तक छुट्टी पर रहना होगा। द्रविड़ ने इंडिया सीमेंट्स से अवैतनिक अवकाश मांगा था, जिसके बाद एमपीसीए के आजीवन सदस्य संजीव गुप्ता ने द्रविड़ के खिलाफ शिकायत की थी। द्रविड़ को नोटिस भेजे जाने पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने ट्वीट कर कहा था कि भारतीय क्रिकेट को भगवान ही बचाए। गांगुली ने ट्वीट कहा था, हितों के टकराव नाम का नया फैशन भारतीय क्रिकेट में चल रहा है। यह खबरों में बने रहने के बेहतर तरीका है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में 24 साल बाद खेला जाएगा क्रिकेट

## महिला टी-20 की 8 टीमें हिस्सा लेंगी


**मुंबई।** महिला टी-20 को 2022 में होने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी), इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने इसकी जानकारी दी। आईसीसी ने बताया कि यह महिला क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक क्षण हैं। हम फैसले से उत्साहित हैं। 22वां कॉमनवेल्थ गेम्स इंग्लैंड के शहर बर्मिंघम में 27 जुलाई से 7 अगस्त 2022 तक होगा। क्रिकेट को पहली बार 1998 में कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल किया गया था। तब 50-50 ओवर के पुरुषों के मैच हुए थे। दक्षिण अफ्रीका स्वर्ण पदक



जीतने में सफल रहा था। अगले कॉमनवेल्थ गेम्स में 8 टीमें भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड, द. अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका हिस्सा लेंगी।दूसरी ओर, आईसीसी ने लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट के शामिल होने की उम्मीद जताई है। आईसीसी खुद इसके लिए प्रयास कर रहा है। सोमवार को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के चेयरमैन माइक गैटिंग ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार साल में होने वाले ओलिंपिक में क्रिकेट को शामिल करना आईसीसी के लिए मुश्किल नहीं होगा। आईसीसी के नए कार्यकारी अधिकारी मनु स्वाहने के हवाले से गैटिंग ने कहा, ओलिंपिक आयोजन की समयावधि करीब दो हफ्ते होती है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि आईसीसी को इसके लिए कुछ परेशानी होगी। चार साल में एक बार ही दो सप्ताह का शेड्यूल बनाना होगा। एक वेबसाइट ने गैटिंग के हवाले से लिखा, हम मनु स्वाहने से बात कर रहे थे। उन्हें उम्मीद है कि क्रिकेट को 2028 ओलिंपिक खेलों में जगह मिल सकती है। इसी पर वह मजबूती से काम कर रहे हैं। यह वैश्विक स्तर पर क्रिकेट के लिए बड़ी बात होगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# माधवन की 'रॉकेटरी' में कैमियो करेंगे शाहरुख

**फिल्म** जीरो की असफलता के बाद शाहरुख खान की अगली फिल्म को लेकर कई तरह के कयास लग रहे हैं। पहले राकेश शर्मा की बायोपिक फिल्म फिर फरहान अख्तर की डॉन 3 में शाहरुख खान के नजर आने की खबर थी, लेकिन बाद में महज अफवाह साबित हुईं। अब लीड रोल के तौर पर ना सही, लेकिन कैमियो के तौर पर शाहरूख की अगली फिल्म को लेकर खबरें सामने आ रही हैं। खबरों के अनुसार आर. माधवन की फिल्म 'रॉकेटरीः दि नांबी इफेक्ट में शाहरुख कैमियो की भूमिका में नजर आ सकते हैं। यह फिल्म इसरो के पूर्व वैज्ञानिक और एरोस्पेस इंजीनियर नांबी नारायणन की जिंदगी पर आधारित है। नांबी पर जासूसी के आरोप लगे थे और उन्हें भारत और चीन की जेल में रखा गया था। हालांकि कई लोग मानते हैं कि उन पर गलत आरोप लगे थे। यह फिल्म उनकी जिंदगी की तह तक जाने की कोशिश करेगी। इस फिल्म के साथ ही माधवन निर्देशन के क्षेत्र में अपनी नई पारी की शुरूआत भी करने जा रहे हैं। माधवन फिल्म में 77 साल के शख्स नांबी नारायणन का किरदार निभाते दिखेंगे जो फिल्म में अपनी कहानी बताएंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख का रोल एक इंटरव्यूर का हो सकता है जो नांबी के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहता है। इसके अलावा फिल्म के कई हिस्से फ्लैशबैक मोड में होंगे।



# आलिया म्यूजिक वीडियो में करने जा रहीं डेब्यू

**बॉलीवुड** अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही एक म्यूजिक वीडियो में डेब्यू करने जा रही हैं। इस वीडियो के फर्स्ट लुक पोस्टर को जारी करने के बाद आलिया ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को आने वाले इस म्यूजिक वीडियो की झलक दिखाने के लिए इंस्टाग्राम पर एक शॉर्ट वीडियो शेयर किया। आलिया ने इस वीडियो में हिट गाने लम्बर्गिनी फेम दूरबीन की जोड़ी को भी टैग किया है। अपने इस म्यूजिक वीडियो प्राडा में आलिया दूरबीन संग काम करने जा रही हैं। वीडियो के फर्स्ट लुक में आलिया द दूरबीन की जोड़ी के साथ नजर आ रही हैं।





# टॉप-10 फेक इंस्टाग्राम फॉलोवर्स की लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका और दीपिका

**प्रियंका** चोपड़ा और दीपिका पादुकोण सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि हॉलीवुड में भी ये मशहूर हस्तियों की लिस्ट में शामिल हैं। साथ ही दोनों का नाम उन टॉप 10 सेलिब्रिटिज की लिस्ट में भी शामिल है जिनके इंस्टाग्राम पर सबसे अधिक फेक फॉलोवर्स या 'बॉट्स' हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ कंटेपररी म्यूजिक परफॉरमेंस (आईसीएमपी) की एक रिसर्च के दौरान इस बात का खुलासा हुआ। रिसर्च में दुनियाभर के सेलिब्रिटीज के सोशल मीडिया फॉलोवर्स की जांच की गई जिसमें प्रियंका और दीपिका के फेक इंस्टाग्राम फॉलोवर्स की संख्या काफी ज्यादा पाई गई। सूची में छठे नंबर पर काबिज दीपिका पादुकोण के सबसे अधिक 48 प्रतिशत फेक इंस्टाग्राम फॉलोवर्स हैं। वहीं 10वें नंबर पर काबिज प्रियंका के 46 प्रतिशत फॉलोवर्स फेक हैं। दीपिका के इंस्टाग्राम पर वर्तमान में 3.79 करोड़ फॉलोवर हैं, जबकि प्रियंका के 4.36 करोड़ फॉलोवर हैं। रिपोर्ट की मानें तो प्रियंका चोपड़ा अपनी एक पोस्ट के लिए 2,71,000 डॉलर यानि लगभत दो करोड़ रुपए चार्ज लेती हैं। आईसीएमपी ने बयान में कहा है, हमने अपनी सूची सबसे अधिक सफल और सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले से सेलिब्रिटीज को लेकर बनाई है, जिसमें अभिनय, खेल, संगीत और टेलीविजन के शख्सियत शामिल हैं। इसके बाद हमने इनमें से सबसे अधिक फॉलोवर्स वाले लोगों को छांटा और फिर 100 लोगों की लिस्ट बनाई, जिन्हें सबसे अधिक फॉलो किया जाता है। फेक सोशल मीडिया फॉलोवर्स की लिस्ट में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली भी बहुत आगे हैं। उनके फेक इंस्टाग्राम और ट्विटर फॉलोवर्स की संख्या 44 प्रतिशत है।